आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 30.4.2025

समय 1830

मुख्य समाचार :–

- विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट आज श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– सरकार ने श्रद्धालुओं की यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए विशेष प्रबंध किए हैं।

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में जातिगत जनगणना को मंजूरी दी।

- काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशंस ने कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए।

- पहला विश्व ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट शिखर सम्मेलन– वेव्स कल से मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में शुरू होगा।

- मौसम विभाग ने एक से पांच मई तक प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है।

गंगोत्री/यमुनोत्री कपाट

उत्तरकाशी में स्थित विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट आज अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं। इसके साथ ही राज्य में चारधाम यात्रा का आगाज भी हो गया है। उत्तरकाशी से हमारे संवाददाता ने बताया कि सुबह 10 बजकर तीस मिनट पर गंगोत्री और 11 बजकर 55 मिनट पर यमुनोत्री धाम के कपाट पूरे विधि–विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खोले गए। गंगोत्री में कपाटोद्घाटन के अवसर पर श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। पहले दिन हजारों श्रद्धालु ने दोनों धामों में पूजा–अर्चना और दर्शन किए। गंगोत्री मंदिर के तीर्थपुरोहित ने बताया कि सुबह से ही मां गंगा के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

कपाटोद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिर में पूरे विधि–विधान के साथ पूजा–अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि और कल्याण की कामना की। पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने इस वर्ष श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए यात्रा मार्गों पर विशेष व्यवस्थाएं की हैं।

वहीं, बाबा केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह डोली आज रुद्रप्रयाग जिले के गौरीकुंड पहुंच गई है। डोली के केदारनाथ पहुंचने पर दो मई को मंदिर के कपाट खोले जाएंगे। उधर, चमोली जिले में चार मई को बदरीनाथ धाम के कपाट खोलने की तैयारियां भी युद्धस्तर पर चल रही हैं।

चार धाम यात्रा

केदारनाथ और बदरीनाथ यात्रा के मद्देनजर टिहरी जिला प्रशासन भी यात्रा की तैयारियों में जुटा है। ये जानकारी देते हुए टिहरी के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि जिले के विभिन्न स्थानों पर चेकिंग की व्यवस्था की गई हैं। साथ ही प्रशासन ने मुनिकी रेती, ढलवाला, ब्रह्मपुरी, तपोवन और अन्य क्षेत्रों में पर्यटकों की अधिक संख्या को देखते हुए अधिक पुलिस फोर्स तैनात की है।

## दुर्घटना बीमा

केदारनाथ धाम यात्रा को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने में जुटे सभी कार्मिकों को 20 लाख रुपये का निःशुल्क दुर्घटना बीमा कवर प्रदान किया जाएगा। जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार के निर्देश पर सिरोबगड़ से श्री केदारनाथ धाम तक तैनात विभिन्न विभागों के कार्मिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह बीमा कवर लागू किया गया है। गौरतलब है कि यात्रा में बड़ी संख्या में पीआरडी स्वयंसेवक, नगर पालिका, नगर पंचायत सहित विभिन्न विभागों के कार्मिक दिन रात ड्यूटी में लगे रहते हैं।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल

केन्द्र सरकार ने जातिगत जनगणना कराने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की राजनीतिक मामलों की समिति ने इसे मंजूरी दी है। आज मंत्रिमंडल बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा कि मूल जनगणना के साथ ही जातिगत जनगणना होगी।

## केंद्रीय राज्य मंत्री दौरा

ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने आज देहरादून में केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान से मुलाकात कर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान उत्तराखंड के दुर्गम और पर्वतीय क्षेत्रों में ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता तथा रोजगार के अवसर बढ़ाने जैसे विभिन्न विषयों पर भी मंथन किया गया।

## परीक्षा परिणाम

काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशंस ने कक्षा 10वीं आईसीएसई और 12वीं आईएससी परीक्षाओं का परिणाम जारी कर दिया है। छात्र बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट cisce.org पर जाकर परिणाम चेक कर सकते हैं। आईसीएसई 10वीं में 99 दशमलव शून्य नौ प्रतिशत छात्र–छात्राएं उत्तीर्ण हुए, जबकि आईएससी 12वीं का परीक्षा परिणाम 99 दशमलव शून्य दो प्रतिशत रहा।

## वेव्स

पहला विश्व ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट शिखर सम्मेलन– वेव्स कल से मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में शुरू होगा। यह 4 दिवसीय कार्यक्रम श्रव्य– दृश्य और मनोरंजन उद्योग के भविष्य पर चर्चा के लिए वैश्विक मंच प्रदान करेगा। कार्यक्रम में वैश्विक मीडिया संवाद, क्रेता–विक्रेता चर्चा, उभरते सृजनकर्ताओं के लिए अपनी सामग्री को प्रस्तुत करने और बढावा देने के सत्र तथा कहानी सुनाने के नए जमाने के प्रारूपों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

यह शिखर सम्मेलन मनोरंजन, प्रतिभा और रचनात्मकता के क्षेत्र में भारत की अपार संभावनाओं को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने का एक अवसर प्रदान करेगा। इस सम्मेलन में दुनियाभर के शीर्ष मीडिया सीईओ, मनोरंजन जगत की बड़ी हस्तियाँ एक साथ आएंगे। इस कार्यक्रम में सौ देशों के लगभग पांच हजार प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है। इसके अलावा कई दिग्गज कलाकारों अमिताभ बच्चन, रजनीकांत, चिरंजीवी, मोहन लाल, नागार्जुन, शाहरुख खान, अनिल कपूर, अक्षय कुमार, आलिया भट्ट और आमीर खान शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

रम्माण मेला

चमोली जिले के ज्योर्तिमठ में स्थित सलूड डुंगरा गांव में आज विश्व सांस्कृतिक धरोहर रम्माण मेले का आयोजन किया गया। मेले में भक्त भूम्याल देवता की पूजा करते हैं। रम्माण मेला– लोक गीतों, ढोल और ताल पर मुखौटा शैली पर आयोजित होता है। इसमें भोजपत्र के 18 मुखोटे, 18 ताल, 12 ढोल और बारह ही दमाऊ होते हैं। इसके अलावा 8 भंकोरे का इस्तेमाल होता है जिनका मंचन में उपयोग होता है। मेला देखने के लिए पहुंचे श्रद्धलुओं की सुविधा के लिए जिला प्रशासन ने विशेष प्रबंध किए हैं।

उच्च शिक्षा मंत्री

उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कहा है कि सरकार डिग्री कॉलेजों में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने और उच्च शिक्षा संस्थानों में गुणवत्ता सुधार के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। वे हल्द्वानी के गौलापार में उच्च शिक्षा निदेशालय के नवनिर्मित कॉन्फ्रेंस हॉल और कौशल विकास केंद्र के लोकार्पण अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने  मंडल के सभी महाविद्यालयों की स्थिति की समीक्षा भी की। उच्च शिक्षा मंत्री ने राज्य के सभी डिग्री कॉलेजों में फर्नीचर, कंप्यूटर उपकरण, पुस्तकें और अन्य व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

मौसम

प्रदेश में बढ़ती गर्मी से लोगों को जल्द राहत मिलने की संभावना है। देहरादून स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डी रोहित थपलियाल ने बताया कि एक से पांच मई तक पूरे प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश के आसार बने हुए हैं। पहाड़ी इलाकों में बारिश के साथ बर्फबारी की भी संभावना है। श्री थपलियाल का कहना है कि प्रदेश के कुछ इलाकों में आंधी तूफान देखने को मिल सकता है। उन्होंने बताया कि पांच दिनों तक लगातार बारिश होने से बढ़ते तापमान में कमी आएगी।

इस बीच, मौसम विभाग की ओर से एक और दो मई को प्रदेश के ज्यादातर जिलों में कहीं–कहीं आकाशीय बिजली चमकने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।